स0स0–7 / सदर एव अनुमडल अस्प०--23–01 / 2025–26-- 16 (7)

# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

**शंभू शरण** भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा मे,

**महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा– आतरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनाक–29/04/2025

**विषय.– स्थापना एव प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न सदर एवं अनुमडल अस्पताल के लिए, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना को दवा भंडार मद में रू० 90,00,00,000/– (रुपये नब्बे करोड ) मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सबध मे कहना है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के सकल्प स0–545(12), दिनाक–11 06 2019 द्वारा दवा भडार मद मे बजट उपबध का 80 प्रतिशत राशि बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि0, पटना एव 20 प्रतिशत राशि सबधित स्वास्थ्य सस्थानो को दिये जाने का सकल्प निर्गत है।

2– वर्णित स्थिति मे महाप्रबधक (वित्त एव लेखा), बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि0, पटना के पत्राक–663, दिनाक–24 04 2025 द्वारा दवा भडार हेतु किये गये मॉग के आलोक मे सदर एव अनुमडल अस्पताल विपत्र कोड–20–2210011100013 अन्तर्गत स्थापना एव प्रतिबद्ध व्यय अतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 मे विभिन्न सदर एव अनुमडल अस्पताल के लिए बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि0, पटना हेतु दवा भडार मद मे कुल रू० 90,00,00,000/– (रुपये नब्बे करोड) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3– यह स्वीकृत्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र सख्या 2561/वि0(2), दिनाक–17 04 98, 2356/वि0(2), दिनाक–12 04 06, 2938/वि0(2), दिनाक–08 04 08, 3388/वि0(2), दिनाक–18 04 11 एव 12888/वि०, दिनाक–03 12 2024 द्वारा अद्यतन परिपत्रो के आलोक मे निर्गत किया जा रहा है तथा वित्तीय नियमो के अनुपालन की सम्पूर्ण जिम्मेवारी, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि0, पटना की होगी।

4-- इस राशि के व्यय का वहन स्थापना एव पतिबद्ध व्यय, मॉग स0–20 के अतर्गत मुख्य शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, उपमुख्य शीर्ष–01–शहरी स्वास्थ्य सेवाए–एलोपैथी, लघु शीर्ष–110–अस्पताल तथा ओषधालय, उपशीर्ष–0013–सदर एव अनुमडल अस्पताल, विपत्र कोड–20–2210011100013 अन्तर्गत (21–02) दवा भडार मद मे उपबधित राशि से विकलनीय होगा।

5– इस राशि के निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना होंगे तथा नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होगे।

6– अवर सचिव–सह–निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बी0टी0सी0 फॉर्म–46 मे तैयार विपत्र के माध्यम से राशि को नगद नहीं बल्कि खाता अतरण के माध्यम से बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि०, पटना को उपलब्ध करायेगे, जो दवा भंडार मद की राशि को पी0एल0 एकाउन्ट स0–PBBPLA007 विपत्र कोड–00-8448001110002-0001 के अन्तर्गत ledger ID-14360 मे जमा कर राशि का खर्च विधिवत् प्रक्रिया अपनाते हुए करेगे।

7– बिहार स्वास्थ्य सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लिमिटेड, पटना राशि का धन–ऋण ज्ञापन व ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, बिहार को भेजते हुए, उसकी एक प्रति अवर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को भी उपलब्ध करायेगे।

8– प्रारूप मे आतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सचिका सख्या–7/सदर एव अनुमंडल अस्प०–23–01/2025–26 के पृष्ठ--05/टि० पर प्राप्त है।

9– राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी। राशि की निकासी के मामले मे महालेखाकार, बिहार, पटना के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है।

10– इसमे अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

11– यह मात्र स्वीकृत्यादेश है, आवटन CFMS के माध्यम से प्रदान किया जायेगा।

विश्वासभाजन

29.4.25

(शंभू शरण)

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापाक –7/सदर एव अनुमडल अस्प०–23–01/2025–26– 16 (7)/स्वा0,पटना,दिनाक–29/04/2025

**प्रतिलिपि**– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/सभी प्रमडलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार/सभी प्रभारी पदाधिकारी, सदर एव अनुमडल अस्पताल, बिहार को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– मा0 मत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी–7/लेखा शाखा (दो प्रतियो मे), स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना एव सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– प्रबध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एव आधारभूत सरचना निगम लि0, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29.4.25

सरकार के अपर सचिव